सार-समाचार

## 15 नवंबर से नहरों में छोड़ा जाएगा पानी



**बयाना**,(निसं)। बयाना क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। सिंचाई विभाग बयाना की ओर से नहरों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जो 13 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेईएन) दशरथ सिंह ने जानकारी दी कि आगामी 15 नवंबर से बरेठा बांध से नहरों में पानी छोड़ा जाएगा। इससे किसानों को रबी की फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि सफाई का काम पूरा होने के बाद नहरों के जरिये पानी पूरे क्षेत्र में आसानी से पहुंच सकेगा। इस योजना से बंध बरेठा, नगला बरेठा, नगला कसाई, वस्त्रावली, सूपा, नारोली संतोकपुरा, कोठीखेड़ा, पुराबाई खेड़ा, खटका, कंजोली सहित आसपास के सभी गांवों के किसान लाभान्वित होंगे। गांव पूराबाई खेड़ा के किसान कुलदीप सोलंकी एव गांव महमदपुरा के किसान मोहन शर्मा ने बताया कि इस नहर से क्षेत्र के अधिकांश किसानों को सिंचाई का पानी मिलता है। जिन किसानों के पास बोरवेल नहीं हैं, वे पहले किराए पर पानी लेकर अपनी फसलों की सिंचाई करते थे। अब नहरों में पानी आने से उनका यह खर्चा बचेगा और फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी। किसानों ने राजस्थान सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है कि वे समय-समय पर किसानों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं और फसलों के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं।

## गौरव सिंघल का किया स्वागत

**सूरौठ**, (निसं)। समाजसेवा के नए आयाम गढ़ने वाले अठावाल समाज के युवा उपाध्यक्षगौरव सिंघलका रविवार कोगोवर्धन भक्त मंडल सूरौठकी ओर से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंडल सदस्यों ने जयघोषों के बीच उन्हें माला और साफा पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम मेंरजनीश मीना, ब्राह्मण समाज युवा पूर्व अध्यक्षअवधेश शर्मा, वर्तमान युवा अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, सिप्पी शर्मा, राजीव मीना, केशव शर्मा, सतीश पीलोदिया, दिलीप महावर,सोनू गोयल,कल्याण महावर और छोटू पीलोदिया सहित कई गणमान्यजन मंचासीन रहे। मंडल सदस्यों ने कहा कि गौरव सिंघल जैसे ऊर्जावान और समर्पित युवा समाज को नई दिशा देंगे तथा संगठन की मजबूती में अहम भूमिका निभाएंगे। सम्मान ग्रहण करते हुए गौरव सिंघल ने कहा,अग्रवाल समाज के युवाओं को संगठित कर समाज की प्रगति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। समाज की सेवा ही मेरा संकल्प है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी और युवा मौजूद रहे। आयोजन ने समाजिक एकता और भाईचारे का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

## सरदार 150 यूनिटी मार्च आज

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। सरदार 150 यूनिटी मार्चकार्यक्रम के तहत करौली जिले में 10 नवंबर, मंगलवार को एकता और राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ विशाल पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला संयोजकमहेन्द्र सिंह मीणाने बताया कि मार्च का शुभारंभ प्रातः 11 बजेराजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोहन नगर, हिण्डौन सिटीसे होगा। कार्यक्रम मेंमहाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, एनसीसी, स्काउट गाइड, एनएसएस सदस्य, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं आमजन भाग लेंगे। जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत करौली शरद त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम केमुख्य अतिथि भरतपुर संभाग प्रभारी एवं पूर्व मंत्री जितेन्द्र मीणारहेंगे, जबकिविशिष्ट अतिथि श्री हेमराज मीणा भरतपुर संगठन प्रभारी,प्रेमप्रकाश शर्मा जिला संगठन प्रभारीएवंजिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन होंगे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर मेंसांस्कृतिक प्रस्तुतियाँदी जाएंगी औरसरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं योगदानपर प्रकाश डाला जाएगा। पदयात्रा का रूटराजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगरसे प्रारंभ होकरमनीराम पार्क, डैम्प रोड, चौपड़, बयाना मोड, उपजिला कलेक्ट्रेट कार्यालयहोते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न होगा।

## राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविर संपन्न

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। टोडाभीम में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय करौली के तत्वावधान में आयोजितचार दिवसीय आवासीय राज्य पुरस्कार अभिशंषा शिविरका सफल समापन रविवार कोस्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, टोडाभीममें हुआ। शिविर का आयोजन 6 से 9 नवंबर 2025 तक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एवं सहायक जिला कमिश्नरभयसिंह मीनाने बताया कि बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में यह शिविर एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इसमें पूर्व में तृतीय सोपान उत्तीर्ण43 गाइड्स (छात्राओं)की प्रवेश से राज्य पुरस्कार तक की विभिन्न दक्षताओं का मूल्यांकन किया गया। शिविर केसंचालक गिर्राज सिंह, सह संचालककैलाश चंद मीनाऔरराजेश सिंह गुर्जररहे।मुख्य परीक्षक प्रियंका शर्मा तथा सहायक परीक्षक संतोष वर्माऔरराधा गुर्जरने परीक्षाएं संपन्न कराईं। मनीष कुमार शर्माएवंशिवेंद्र कुमार दुबेने परीक्षा परिणाम तैयार किए। अंतिम दिवस परमुख्य अतिथि अनिल कुमार गुप्ता (सी.ओ. स्काउट करौली)ने शिविर का निरीक्षण किया।

# 'एसआईआर अभियान को सफल बनाने में भागीदारी निभाएं'

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र की विशेष गहन निरीक्षण कार्यशाला रविवार को डीग की खंडेलवाल धर्मशाला में आयोजित की गई।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. शैलेश सिंह एवं संभाग प्रभारी डॉ. निमिषा गौड़ द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची शुद्धिकरण कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ता वी एल ओ 2 से तालमेल बनाकर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को

■ एसआईआर को लेकर कार्यशाला आयोजित

सफल बनाए। उन्होंने कहा कि एस आई आर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों की त्रुटियों को सुधारना और मतदाता सूची को शुद्ध ,स्वच्छ और पारदर्शी बनाने में सहयोग सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं तक वी एल ओ पहुंच नहीं पा रहे है कार्यकर्ताओं को वी एल ओ को उन मतदाताओं तक पहुंचाने में पूरी निष्ठा से अपनी भूमिका निभानी है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह एस आई आर अभियान की जानकारी घर घर जाकर सभी मतदाताओं तक पहुंचाए।

डॉ सिंह ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक केन्द्रीयऔर समयवद्ध पुनरीक्षण है। जिसके तहत योग्य मतदाताओ के नाम जोड़े जाएगे और अयोग्यनाम हटाए जाएगें और त्रुटियों को सुधारा जाएगा, ताकि मतदाता सूची विश्वसनीय बने। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मतदाताओं को सूची में अपना नाम सही रखने के लिए प्रेरित करे। डॉ सिंह ने कहा कि शुद्ध व पारदर्शी मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में सही लोगों के नाम जुडने चाहिए और गलत या फर्जी नाम हटाए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्येक वूथ पर पात्र नागरिक का नाम सूची से नही छूटना चाहिए। इससे चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस महत्वपूर्ण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आ ान किया। कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक मुकेश सिंघल, जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा , जिला उपाध्यक्ष जगदीश अज्ञान, अनिल गुप्ता ,शहर मंडल अध्यक्ष ललित तिवारी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राकेश गिरसे, हेमेन्द्र शर्मा अऊ, पवन खंडेलवाल, तुषार कौशिक, राहुल लवानियां, जातिन गुप्ता, दाऊदयाल नसवारिया, जगदीश टकसलिया, हरपाल सोलंकी राजेंद्र खंडेलवाल सहित एवं मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



सआईआर अभियान को लेकर भाजपा की कार्यशाला आयोजित हुई।

# कचरा फैंकने व अभ्रद व्यवहार करने पर पथराव

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। शनिवार रात कचरा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच पथराव हो गया। इस घटना से वहां से गुजर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पथराव में दोनों पक्षों के कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है। एक पक्ष की ओर से कोली पाड़ा निवासी अब्दुल वहीद पुत्र अब्दुल हमीद ने अजीज उर्फ अज्जो पुत्र बंधु खान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अब्दुल वहीद के अनुसार, अजीज उर्फ अज्जो ने उनके घर में घुसकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की, जिसमें एक महिला सहित कई लोगों को चोटें आई हैं। अब्दुल ने यह भी आरोप लगाया है कि अजीज उर्फ अज्जो अवैध रूप से शराब बेचने का धंधा करता है।

अब्दुल वहीद ने अपनी शिकायत में बताया कि अजीज के घर पर रोजाना रात 8 बजे के बाद लोगों की भीड़ जमा होती है, जो शराब पीकर उनके मकान के बाहर गाली-गलौज करते हैं। शनिवार रात करीब 8 बजे भी अजीज के घर से कुछ लोगों ने शराब खरीदी और उनके मकान के बाहर अपशब्द कहने लगे। जब अब्दुल की पत्नी जरीना ने इसका विरोध किया, तो अजीज ने गाली-गलौज करते हुए अपने परिवार को बुलाया और हमला करने के लिए उकसाया। इसके बाद अजीज, असलम, इमरान उर्फ रंगोली, भोला, साहिबा, करिश्मा, साइना और चांद उस्मानी सहित कई लोग लाठी-डंडे और खाली कांच की बोतलें लेकर अब्दुल वहीद के घर पहुंचे। परिवार का आरोप है कि इन लोगों ने मकान का दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया और अब्दुल की पत्नी, बेटे, बेटी और बहू के साथ मारपीट की। इस घटना में कपिल नामक युवक के पैर में चोट लगने की बात कही गई है।



पथराव के बाद सड़क पर बिखरे पड़े पत्थर।

दूसरी ओर, अजीज उर्फ अज्जो ने अब्दुल वहीद पर पलटवार करते हुए आरोप लगाया है। अजीज के अनुसार, अब्दुल का दो मंजिला मकान है और वे तथा उनके परिवार के सदस्य ऊपर से ही कचरा और गंदगी नीचे फेंक देते हैं। इससे नीचे खड़ी बाइक गंदी हो जाती है और आसपास कचरा फैल जाता है। अजीज का कहना है कि इस बात को लेकर आए दिन ताना दिया जाता है और अब्दुल का परिवार मारपीट पर उतारू हो जाता है। शनिवार को भी इसी बात पर उलाहना देने पर झगड़ा शुरू हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया ओर प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। कोतवाली थाना प्रभारी करण सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत के बाद पुलिस जांच कर रही है।

## काव्य गोष्ठी

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की स्थानीय इकाई ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर कवि चोखेलाल वर्मा ने अपनी रचना ष्रंगों में तो दौड़ रहा अंकुरित देशप्रेम, कैसे नहीं वंदे मातरम् हम गायेंगेष् प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा। कवि व्यग्र पांडे ने अपने गीत के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन में वंदे मातरम् के प्रभाव को दर्शाया, जिसमें उन्होंने कहा, ष्राष्ट्र भक्ति का भाव जगाया, हर वाणी हर स्वर को भाया, जब भी इसको गाया मची थी, दुश्मन में हलचल। कवि अजय विद्रोही की प्रस्तुति ष्मन कहता है वंदे मातरम, तन कहता है वंदे मातरम्ष ने वातावरण में जोश भर दिया। कवि कृपाशंकर प्रीतम ने चिर-परिचित अंदाज में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। उनके गीत ष्जब जब बंधन में मां जकड़ी खड़ी, तब तब सपूतों ने सर दे काटी कड़ी, प्रीतम चल दे उसी राह बांधे कफन, ये मेरी साधना है, ये मेरा वतन.. पर श्रोता भावविभोर होकर झूम उठे। बनवारी श्याम गौतम, वासुदेव विप्र और मनीष माना ने भी वंदे मातरम् के महत्व पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिन्होंने गोष्ठी को नई ऊँचाई दी। अंत में, अध्यक्ष हनुमान मुक्त ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, उनके उपन्यास आनंदमठ और गीत के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

## बैठक आज

**गंगापुर सिटी**, (निस)। रेल्वे पैंशनर्स एसोसियेशन की बैठक सोमवार को डब्लूसीआरएमएस ऑफिस में आयोजित की जायेगी। एसोसियेशन अध्यक्ष याकूब खान ने बताया कि बैठक में वार्षिक सम्मान समारोह आयोजित करने पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सदस्यो को जिम्मेदारी सौंपी जायेगी। एसोसिएशन अध्यक्ष ने रेलवे पैंशनर्स से समय पर बैठक में उपस्थित होने की अपील की।

# अमृत कलश यात्रा का स्वागत

**गंगापुर सिटी**, (निस)। शांतिकुंज हरिद्वार के देखरेख में दिव्य अमृत कलश रथ यात्रा निकाली गई।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय जागरण, मानव कल्याण, दुष्प्रवृत्तियों का उन्मूलन और विचार परिष्कार करना था। मीणापाड़ा, रामपुरा, तलावड़ा, मिलकपुर सहित कई गांवों में लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा के दौरान 31 घरों में देव

■ दिव्य अमृत कलश रथ यात्रा निकाली

स्थापना की गई। इसका लक्ष्य जन-जन में सद्बुद्धि का संचार करना, जाति-वंश का भेद मिटाकर समरसता के भावों का सृजन करना तथा घर-परिवार व समाज के वातावरण को पवित्र बनाना था। साथ ही, पीढ़ियों में अच्छे संस्कार पैदा करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया। गायत्री परिजन सोमराज प्रजापति ने बताया कि इस रथ यात्रा में उनके साथ सहपत्नीक पद्मावती, जिला समन्वयक सुरेश चंद्र शर्मा, रथचालक मनोज शर्मा, तहसील समन्वयक भरोसी लाल गुर्जर, वरिष्ठ परिजन वैद्य उमा शंकर गौतम, ग्राम नारायणपुर के राजूलाल प्रजापति, प्रवीण कुमार शर्मा और विजेंद्र शर्मा शामिल रहे। सायंकाल में मां गायत्री की इस यात्रा को विराम दिया गया।

# अन्नकूट महोत्सव उत्साह व श्रद्धा के साथ मनाया



ममलेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट प्रसादी लेते लोग।

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। रविवार को शहर में अन्नकूट महोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। शहर के तीन प्रमुख स्थानों श्री ममलेश्वर महादेव मंदिर, भौमियाजी का मंदिर और रीको स्थित उपक्रमी संगठन कार्यालय में हुए आयोजनों में हजारों श्रद्धालुओं ने गर्मागर्म पंगत प्रसादी का आनंद लिया। पंचायत समिति परिसर स्थित श्री ममलेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही अन्नकूट महाप्रसादी की तैयारियां शुरू हो गईं। हलवाइयों ने प्रसादी बनाने का जिम्मा संभाला।

मंदिर सेवक राजेश टेंट ने बताया कि लगभग ढाई क्विंटल बाजरा, आधा क्विंटल चौड़ा, एक किलो चावल और साढ़े पांच क्विंटल हरी सब्जियों का उपयोग प्रसादी में किया गया। साथ ही कढ़ी भी तैयार की गई। मंदिर सेवक राजेश टेन्ट ने बताया रविवार को मंदिर विराजित शिव पंचायत, हनुमान जी, प्रेत सरकार, राम दरबार, बाबा श्याम सहित जयगुरूदेव महाराज के कढी, बाजरा, चावल, चोढा सहित विभिन्न पकवानो का भोग लगाया गया। इससे पहले पंडित लोकेश शर्मा द्वारा विधी विधान से मंदिर विराजित सभी दैव्य जनो का पूजन करवाया गया। इसके बाद सभी ने आरती की। आरती के बाद सभी को पंगत लगा कर प्रसादी का वितरण किया गया।

इसी प्रकार सवाई माधोपुर रोड स्थित उघाड़मल बालाजी के पास भौमिया बाबा मंदिर पर भी अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भोमिया बाबा भक्त मंडल के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष होता है। हलवाइयों ने सुबह से ही कढ़ी-बाजरे की प्रसादी तैयार की और भोग के बाद श्रद्धालुओं को वितरित की गई।

# राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के जैमन तीसरी बार बने अध्यक्ष

**भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम भरतपुर की जिला कार्यकारिणी का निर्वाचन एसबीके महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरतपुर में संपन्न।

जिला निर्वाचन अधिकारी तथा प्रांतीय संरक्षक अशोक पाराशर ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला भरतपुर की कार्यकारिणी का आज निर्वाचन निर्विरोध तथा आम सहमति से संपन्न हुआ। कार्यकारिणी में कृष्णवीर सिंह सभा अध्यक्ष ,राजेंद्र सिंह जिलेदार उपसभा अध्यक्ष, मंजू रानी शर्मा महिला उपसभा अध्यक्ष, होतीलाल जैमन जिलाध्यक्ष, विष्णु दत्त शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, भरतेश कुमार जैमन उपाध्यक्ष प्रारंभिक शिक्षा, शोभा गौड उपाध्यक्ष महिला, सुधीर कटारा जिला मंत्री, याचना शर्मा महिला मंत्री, शैलेश मुद्गल कोषाध्यक्ष, अनूप सिंह प्रवक्ता, उमेश कुमार गोयल सदस्य प्रधानाचार्य, जितेंद्र कुमार सदस्य व्याख्याता ,आनंद मिश्रा सदस्य अध्यापक ,सोना कुमारी बंसल सदस्य महिला शिक्षिका, रिजवान खान संगठन मंत्री ,जगदीश कटारा प्रदेश महासमिति सदस्य, लोकेंद्र कुमार प्रदेश महासमिति सदस्य ,गजेंद्र सिंह प्रदेश महा समिति सदस्य ,अशोक कुमार लवानिया प्रदेश महासमिति सदस्य तथा संरक्षक मंडल में बच्चू सिंह शर्मा, अशोक पाराशर, श्याम सिंह जघीना , वीदोराम शर्मा, यादव चंद्र लवानिया ,मदन मोहन शर्मा, अनिल भारद्वाज, मुकेश पाराशर ,अशोक सिसोदिया, कृष्ण गोपाल शर्मा ,अशोक गौतम आदि का कार्यकारिणी में निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन के उपरांत नवगठित कार्यकारिणी का माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकारिणी को पद की शपथ दिलाई गई । नवीन कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन द्वारा आगे की योजना पर विचार व्यक्त किये । निर्वाचन के समय सुधीर कटारा, अनूप सिंह, लोकेंद्र कुमार, जगदीश कटारा, अशोक पाराशर प्रांतीय संरक्षक व जिला निर्वाचन अधिकारी ,पूनम चतुर्वेदी प्रदेश महिला मंत्री, उमेश कुमार गोयल, याचना शर्मा कृष्ण वीर सिंह, लोकेंद्र नाथ शर्मा, बलबीर शर्मा ब्लॉक शहर मंत्री, नंदकिशोर शर्मा, विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा, बच्चू सिंह शर्मा, भरतेश कुमार जैमन, अंकुर जिंदल नदबई ब्लॉक मंत्री, हरिओम लवानिया ब्लॉक अध्यक्ष नदबई, रिजवान खान, सोना कुमारी बंसल, आनंद मिश्रा ,मुरारी लाल शर्मा संरक्षण आदि उपस्थित थे।



राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम भरतपुर के होतीलाल जैमन तीसरी बार जिला अध्यक्ष बने।

सार-समाचार

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**भरतपुर**, (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जेनटेक इंस्टिट्यूट ऑफ़ आई टी एंड प्रोफेशनल स्किल्स संस्था सारस चौराहा भरतपुर पर किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के पीएलवी तूफान सिंह ने ठाामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिकों को विभिन्न विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं, लोक अदालतों, महिला एवं बाल अधिकारों, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, तथा न्याय सबके द्वार जैसी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में नागरिकों एवं विद्यार्थियों को बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देशभर में निरंतर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को न्याय तक पहुंचाना है। शिविर में उपस्थित लोगों को कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, आवेदन के तरीके, और कानूनी सहायता केंद्रों के संपर्क सूत्रों की जानकारी भी दी गई। साथ ही, विधिक साक्षरता, समाज सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी है इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन विभाग के कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता ,समाजसेवी उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण किया

**करौली**, (निसं)। 09 नवम्बर (निंसं.) भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों का जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सपोटरा विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 72 (सलेमपुर), भाग संख्या 66 (महमदपुर) और भाग संख्या 68 (कुडगांव) में बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का जमीनी स्तर पर मूल्यांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले में यह विशेष पुनरीक्षण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता परिगणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं और भरे हुए प्रपत्रों का संठाहण भी मौके पर ही कर रहे हैं।उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे परिगणना प्रपत्र में सभी आवश्यक जानकारी भरें, सफेद पृष्ठभूमि वाली पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो लगाएं और उसे मौके पर ही बीएलओ को सौंप दें। सक्सेना ने बताया कि मतदाता जानकारी को वर्ष 2002 में तैयार की गई एसआईआर मतदाता सूची से मैप या लिंक किया जा रहा है। मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र सुलभता से उपलब्ध कराने के लिए निर्वाचन विभाग की पूरी मशीनरी पूर्ण समर्पण और निष्ठा के साथ कार्यरत है।उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, ईआरओ और एईआरओ स्वयं फील्ड भ्रमण कर बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं और अभियान की प्रगति की सतत निगरानी सुनिश्चित कर रहे हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं की मैपिंग बीएलओ द्वारा कर दी जाएगी, उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार के दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। गणना चरण में भी किसी मतदाता से दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। यह पहल निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास को सुदृढ़ करेगी तथा नागरिकों को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि 9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा, जिसके दौरान सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

## महिला जागृति संस्थान की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी**, (निसं)। महिला जागृति संस्थान की बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 21 दिसंबर को भगवती पैलेस में राजस्थानी लोक नृत्य प्रतियोगिता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम गुप्ता ने बताया कि संस्थान पिछले पाँच वर्षों से इस प्रतियोगिता का निरंतर आयोजन कर रहा है। इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में राजस्थानी लोक संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाना और पारंपरिक नृत्य-संगीत को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि यह प्रयास पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव को कम करने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस वर्ष प्रतियोगिता में कालबेलिया, चरी और घूमर जैसे पारंपरिक नृत्यों की एकल प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें सर्वसमाज की महिलाएं और बालिकाएं भाग ले सकेंगी। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया है। जिला महामंत्री ममता सैनी और कोषाध्यक्ष रजनी शर्मा ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 5 दिसंबर तक नाम दर्ज करवा सकते हैं। संस्थान की मंत्री महादेवी वर्मा ने बताया कि समारोह में समाजसेवा, सहयोग और वीरता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें पक्षी सेवा सहयोगी सम्मान, सीमेंट बेंच सहयोगकर्ता सम्मान, वीरता पुरस्कार, बेटी अनमोल रत्न अवॉर्ड और नए सदस्यों का सम्मान शामिल है। इस अवसर पर बबीता चौहान और रानी गोयल को सरप्राइज गिफ्ट भी दिए गए। बैठक में डॉ. कुसुम गुप्ता, ममता सैनी, महादेवी वर्मा, रजनी गुप्ता, सीमा गुप्ता, बबीता चौहान, प्रसून अग्रवाल, वीना गुर्जर, रानी गोयल सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## साइबर ठगी करते 6 गिरफ्तार

**डीग/भरतपुर**, (निसं)। डीग जिले की जुरहरा थाना पुलिस ने 6 युवकों को साइबर ठगी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने अभी सूट-सलवार और साड़ी बेचने के नाम पर 25 लाख की ठगी कर चुके हैं। साइबर ठगों से 5 चोरी के मोबाइल और 8 फर्जी सिम जब्त की गई हैं। जुरहरा थाना अधिकारी अमित चौधरी ने बताया कि कल मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि शकील होटल के पास जुरहरी गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर कुछ लोग साइबर ठगी कर रहे हैं। जिसके बाद पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। 6 लोग मोबाइल चलाते हुए नजर आये। जिसके बाद पुलिस की टीम ने सभी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मोहब्बत, यूनुस, असगर, आकिल, आकिल और रसीद निवासी गांवड़ी गांव होना बताया। सभी युवकों की तलाशी ली तो, उनके पास से 5 चोरी के मोबाइल और 8 फर्जी सिम जब्त किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर फर्जी विज्ञापन डालते हैं। जिसमें वह लोगों महंगे सूट-सलवार और साड़ी सस्ते दामों में बेचने का झांसा देते हैं। आरोपियों ने बताया है कि वह अभी तक करीब 25 लाख की ठगी कर चुके हैं।

## डांस प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर**, (निसं)। फोस्टर किड्स प्ले स्कूल फ्रेंचाइज दिल्ली द्वारा संचालित ऑल इंडिया में लगभग 375 शाखाओ पर ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर पर जिला डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे इंडिया से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें भरतपुर जिले की भरतपुर जिले में संचालित फोस्टर किड्स प्ले स्कूल की उर्मिला देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर भरतपुर का नाम रोशन किया इस विद्यालय के निदेशक शुभम सक्सेना ने बताया कि फोस्टर किड्स प्ले स्कूल सूरजमल नगर ,भरतपुर में संचालित है और इस विद्यालय की अध्यापिका उर्मिला देवी ने अपने नृत्य व डांस कला से चयनित कमेटी दिल्ली को प्रभावित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जो भरतपुर जिले को गौरवान्वित व जिला भरतपुर का नाम रोशन किया है इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उर्मिला देवी को फोस्टर किड्स के महानिदेशक चौधरी ने एक साड़ी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।